(ख) क्या विद्रोही नागाओं के साथ बातचीत चल रही है ; और

(ग) यदि हां, तो उक्त अवधि में कोई समाधान निकल आयेगा और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : (क) युद्ध-विराम कहना गलत है। कार्यवाही स्थगित रखने से सम्बद्ध जो समझौता 30 अप्रैल को समाप्त होने वाला था, उसे बढ़ाकर 31 मई, 1971 कर दिया गया था । इसे और बढ़ाकर 30 जून, 1971 कर दिया गया है ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) 1960 में नागा नेताओं के साथ नागा समस्या का एक समाधान निकल आया था। राज्य विधान सभा के पिछले आम चुनाव में इस समाधान की पुष्टि की गई थी । छिपे नागाओं के साथ और कोई राजनीतिक बातचीत करने का कोई इरादा नहीं है । जब कानून और व्यवस्था पूर्ण रूप से फिर स्थापित हो जाती है तब 1960 में जो समझौता हुआ था, उसपर आगे भी अमल किया जा सकता है । लेकिन भारतीय नागरिक के रूप में नागा, राज्यपाल और नागालैंड सरकार को नागालैंड की उन्नति के लिए सुझाव देने में स्वतंत्र है ।

प्रधान मंत्री का नया निवास स्थान

1411. **श्री एस० डी० सिंह :** क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रधान मंत्री की रिहायश के लिए कोई विशेष भवन नियत करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो उस भवन का नाम क्या है अथवा क्या इस उद्देश्य के लिए कोई नया भवन बनाने का प्रस्ताव है ?

निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल) : (क) और (ख) जी, नहीं । सरकार ने प्रधान मंत्री के लिए राष्ट्रपति-भवन समूह में एक नया भवन बनाने का निर्णय किया था, परन्तु यह प्रस्ताव फिलहाल आस्थगित कर दिया गया है ।

Alleged Italian Film Derogatory to India in Locarno Film Festival

1412. SHRI N. SHIVAPPA: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether a foreign film entitled 'Les Chieve' which is derogatory to India was shown at Locarno Film Festival :

(b) if so, whether Government have lodged any protest with the Government of Italy in that regard ; and

(c) the result thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH) : (a) In the Official 'Festival Catalogue' no film entitled 'Les Chieve' is mentioned, and according to present information, this film was not shown at the Lacarno Film Festival. However, we are having this matter re-checked.

(b) and (c) Do not arise.

Law and Order situation in Nagaland

1413. SHRI N. SHIVAPPA: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) the number of Naga Leaders who have surrendered to or were arrested by the Indian authorities during the last 6 months, month-wise ;

(b) whether Government of India have taken any steps to solve the problem regarding the law and order situation in Nagaland ; and

(c) if so, the result thereof?